ICJS अवार्ड में झारखंड पुलिस की CCTNS को देश में मिला तीसरा स्थान

चर्चा में क्यों?

17 दिसंबर, 2021 को नेशनल क्राइम रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की ओर से नई दिल्ली में आयोजित दोदिवसीय (16-17 दिसंबर) इंटग्रिटेड क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम (आईसीजेएस) अवार्ड कार्यक्रम में झारखंड पुलिस व तेलंगाना पुलिस को जॉइंट रूप से तीसरा स्थान मिला।

प्रमुख बिंदु

- यह पुरस्कार क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम (सीसीटीएनएस) के क्षेत्र में झारखंड पुलिस के बेहतर प्रदर्शन के लिये मिला है। हालाँकि, पहले स्थान पर मध्य प्रदेश और दूसरे स्थान पर महाराष्ट्र पुलिस रही।
- क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम (सीसीटीएनएस) से झारखंड पुलिस, कोर्ट व जेल एक स्क्रीन पर, एक क्लिक पर किसी भी क्रिमिनल की डिटेल एक मिनट में प्राप्त कर सकते हैं। यह व्यवस्था आम पब्लिक के लिये नहीं है।
- इससे राज्य के लगभग 592 पुलिस स्टेशन जुड़े हुए हैं। केवल आठ पुलिस स्टेशन में यह व्यवस्था नहीं है। जिन आठ पुलिस स्टेशन में सीसीटीएनएस प्रोजेक्ट काम नहीं कर रहा है, वहाँ रेल-टेल के माध्यम से भी जोड़ने की कोशिश की जा रही है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/jharkhand-police-cctns-got-third-place-in-the-country-in-icjs-award